भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न 4877
मंगलवार, 1 अप्रैल, 2025/11 चैत्र, 1947 (शक)को उत्तरार्थ

सहकार प्रज्ञा

†4877. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सहकार प्रज्ञा योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले सहकारी संगठनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए तेलंगाना राज्य में स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार देश भर में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क): राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) जो सहकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सांविधिक निगम है, लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारिता अनुसंधान एवं विकास अकादमी (LINAC) जो NCDC के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्श स्कंध के रूप में कार्यरत है, के माध्यम से सहकार प्रज्ञा पहल का कार्यान्वयन करता है। सहकार प्रज्ञा योजना के अंतर्गत देश भर में लाभान्वित सहकारी समितियों के प्रतिभागियों की संख्या का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	सहकारी समितियों के प्रतिभागी
2018-19	1,227
2019-20	1,848
2020-21	8,076
2021-22	19,927
2022-23	18,364
2023-24	11,864
2024-25 (28.02.2025)	1,34,261
कुल	**1,95 ,567**

(ख): तेलंगाना राज्य में इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए एक क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) है, जो 5-10-193, द्वितीय तल, एचएसीए भवन, पब्लिक गार्डन के सामने, सैफाबाद, हैदराबाद-500004 पर स्थित है।

(ग) & (घ): एनसीडीसी ने विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में एक नया क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) खोला है, जो चौथी मंजिल, एपी मार्कफेड बिल्डिंग, एपीआईआईसी कॉलोनी, गुरुनानक कॉलोनी, जवाहर ऑटो नगर, विजयवाड़ा, एनटीआर जिला, आंध्र प्रदेश 520007 में स्थित है।

*****